एक नजर में

भावांतर भुगतान योजना अंतर्गत जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में रैली निकाली

रतलाम। भावांतर भुगतान योजना का जिले में व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है, जिले के किसानों को योजना की जानकारी देने हेतु आलोट,बाजना एवं जनपद पंचायत जावरा की ग्राम पंचायत भीमाखेडी में सीईओ, एसडीओ, कृषि अधिकारी, विभागीय अधिकारी , जनप्रतिनिधि एवं ग्राम के कृषकों की उपस्थिति में मोटरसाइकिल एवं ट्रैक्टर रैली निकाली गई।

पोषण माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रतलाम। बाजना बस स्टैंड के समीप स्थित प्रजापति धर्मशाला में बुधवार को पोषण माह के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी रामनिवास बुधोलिया के सफल मार्गदर्शन, सहायक संचालक श्रीमती भारती डांगी के कुशल नेतृत्व एवं परियोजना अधिकारी श्रीमती अर्चना माहौर के निर्देशन में परियोजना रतलाम शहर-2 द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 43, 44, 45 और 49 के पार्षदगण धर्मेंद्र रांका, श्रीमती मीनाक्षी सेन, श्रीमती प्रीति कसेरा तथा श्रीमती सपना त्रिपाठी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही वार्ड की अनेक महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं भी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम में आई .वाई .सी .एफ . संबंधी जानकारी दी गई तथा मोटे अनाज के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी राम निवास बुधोलिया ने बताया कि दैनिक भोजन में तिरंगा थाली का समावेश आवश्यक है, जिससे शरीर को सभी पोषक तत्व संतुलित मात्रा में प्राप्त हों। महिलाओं और बच्चों में एनीमिया (रक्ताल्पता) को संतुलित खानपान द्वारा कैसे दूर किया जा सकता है, इस विषय पर भी उपयोगी मार्गदर्शन दिया गया। सहायक संचालक श्रीमती भारती डांगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम हमेशा ताजा खाना खाते हैं वेस्टर्न कंट्रीज वाले प्रिजर्व करके रखते हैं फिर कहते हैं इसलिए हमारा खाना सबसे अच्छा खाना है। विभाग द्वारा अलग-अलग पोस्टिक आहार के व्यंजन भी रखे गए तथा अधिकारियों एवं पार्षदों ने पौष्टिक आहार के व्यंजन को दिखा और उनका लुफ्त भी उठाया तथा सभी ने एक मत होकर कहा कि हम भी अपने बच्चों को ऐसा ही भोजन खाने को देंगे और पौष्टिक आहार का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करेंगे जिससे कि बच्चों में शारीरिक और मानसिक रूप से वह स्वस्थ रह सके। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मालती शर्मा द्वारा किया गया, जबकि श्रीमती ममता तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक नीलम बाघेला, ममता तिवारी, मालती शर्मा, भावना बारीबाल, लक्ष्मी चौहान सहित सभी वार्डों की महिलाएं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम ने महिलाओं और बच्चों में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश सफलतापूर्वक दिया।

तपस्वी शिल्पा ने 100 दिवसीय लघु सर्वतो भद्र तप की तपस्या पूर्ण की, श्री संघ ने किया बहुमान

रतलाम। धर्मदास गणनायक प्रवर्तक पूज्य श्री जिनेंद्रमुनिजी म. सा. तथा मुनिमंडल एवं पुण्य पुंज साध्वी श्री पुण्यशीलाजी म. सा. व साध्वी मंडल के सानिध्य में गुरु समर्पण वर्षावास में त्याग - तपस्याओं का दौर चल रहा है ।मासक्षमण की कठोर तपस्या भी चल रही है। श्रावक - श्राविकाएं उत्साहपूर्वक समस्त आराधनाओं में बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। यहां रत्नपुरी गौरव पूज्य श्री अमृतमुनि जी म .सा .व साध्वी करूणाश्रीजी की सांसारिक बहु तपस्वी शिल्पा सौरभ मूणत ने 100 दिवसीय लघु सर्वतो भद्र तप की उग्र तपस्या पूर्ण की। तपस्वी शिल्पा मूणत पूर्व में एक वर्षीतप, दो बार मासक्षमण, एक सिद्धि तप, 8 उपवास दो बार, वर्धमान ओलीजी तप की दसवीं लड़ी आदि कई तपस्याएं कर चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि शिल्पा मूणत सोशल ग्रुप यूथ के पूर्व सचिव सौरभ मूणत की धर्म सहायिका है। डीपी परिसर पर आयोजित धर्मसभा में प्रवर्तक श्री जिनेंद्रमुनिजी म. सा. ने तपस्वी व तपस्वी के परिवार को खूब खूब धन्यवाद दिया। आयोजित धर्मसभा में श्री धर्मदास जैन श्री संघ द्वारा तपस्वी का बहुमान किया गया। श्री संघ की ओर से कई आराधकों ने विभिन्न तप की बोली लेकर तपस्वी का शॉल ओढ़ाकर माला पहनाकर बहुमान किया। श्री धर्मदास जैन श्री संघ के सचिव अशोक भरगट व श्री पाल मांडोत ने बताया कि श्री संघ द्वारा तपस्वी का गणनायक गौरव गाथा परिसर पर अभिनंदन पत्र व भेंट देकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर गुरु समर्पण वर्षावास समिति के मुख्य संयोजक शांतिलाल भंडारी, श्री संघ के अध्यक्ष रजनीकांत झामर, महामंत्री विनय लोढ़ा, सचिव राजीव चौरड़िया, श्री संघ के वरिष्ठ प्रकाश चंद्र सेलोत, प्रमोद सालेचा, सौरभ मूणत, तपस्वी के पुत्र पर्व मूणत, बालिका एषणा मूणत आदि उपस्थित थे।

लायंस क्लब ने नशा मुक्ति सेमिनार एवं वृक्षारोपण कर हरियाली और स्वच्छ जीवन का दिया संदेश-

जावरा। लायंस क्लब जावरा, एक्टिव एवं ओजस के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को सनराइज एकेडमी स्कूल पिपलोदा में नशा मुक्ति सेमिनार एवं दिव्यांग छात्रावास में बच्चों के साथ सेवा सप्ताह का समापन किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में समाजसेवी घनश्याम आचार्य, जितेंद्रसिंह राठौर पिपलोदा, समाजसेवी मनोज मेहता, सुरेंद्रकुमार सुराणा कंवर सा, ज्ञानचंद जैन जावरा उपस्थित हुए। कार्यक्रम प्रारंभ माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वल से किया। अतिथियों ने विद्यालय के विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव, मानसिक संतुलन बनाए रखने के उपाय एवं आत्मविश्वास से भरपूर जीवन जीने की प्रेरणा दी। लायंस क्लब अध्यक्ष एडवोकेट यश जैन ने कहा लायंस क्लब का उद्देश्य केवल सेवा नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता लाना है। नशा किसी व्यक्ति की नहीं, पूरे परिवार की समस्या बन जाती है। बच्चों को छोटी उम्र से ही यह सिखाना जरूरी है कि जीवन की असली खुशी स्वस्थ मन और स्वच्छ जीवन में है, न कि किसी नशे में। उन्होंने आगे कहा कि संस्था मानसिक स्वास्थ्य और नशामुक्त समाज के लिए लगातार जनजागरण कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। सेमिनार के पश्चात कार्यक्रम के दूसरे चरण मे दिव्यांग छात्रावास पिपलोदा में आयोजित किया गया। जहा छात्रावास का संचालन कर रहे अंबालाल बोस ने राष्ट्रीय गान से कार्यक्रम का प्रारंभ किया और सभी समाजसेवी और क्लब के पदाधिकारियों का स्वागत किया। बच्चों ने मिलकर वृक्षारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बाद में सभी दिव्यांग विद्यार्थियों को संस्था अध्यक्ष यश जैन एवं सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं महानुभाव ने बच्चों को दीपावली के उपलक्ष्य में संस्था द्वारा टी-शर्ट, मिठाई, शिक्षण सामग्री, फल, फुलझड़ी, अनार और चकरी भेंट की । संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि यह पहल न केवल खुशी बांटने का माध्यम है, बल्कि बच्चों के बीच आत्मविश्वास और सामाजिक अपनापन बढ़ाने का एक प्रयास भी है। कार्यक्रम में क्लब के पूर्वाध्यक्ष अरुण संघवी, गोपाल सेठिया, संजयपूरी गोस्वामी, राजकुमार मारवाड़ी, शेखर नाहर, नरेंद्र संघवी, अशोक चोपड़ा, अर्पित चत्तर, नरेंद्र गुप्ता सहित स्कूल के शिक्षकगण और दिव्यांग छात्रावास के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

ऑपरेशन मुस्कान : पुलिस ने 70 बच्चों को ढूंढ परिजनों से मिलाया

नवभारत न्यूज

रतलाम। पुलिस विभाग ने जिले में ऑपरेशान मुस्कान चलाया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत अपहृत, गुमशुदा बालक व बालिकाओं को ढूंढ जा रहा है। पुलिस ने सितम्बर महीन में अभियान के

9 माह में 383 बालिकाओं एवं 40 बालकों को खोजा

तहत गुम हुए करीब 70 को ढूंढकर परिजनों के चेहरे पर मुस्कान लौटाई। वहीं अभियान के तहत इस वर्ष 9 माह में 383 बालिकाओं और 50 बालकों को खोजा गया।

1 जनवरी से अभी तक 40 बालकों

एवं 383 बालिकाओं सहित कुल 423 अपहृत बालक / बालिकाओं को खोजा गया। वहीं 1 जनवरी से 30 सितंबर तक 319 बालिकाओं के अपहरण के प्रकरण दर्ज हुए जबकि इस अवधि में 383 बालिकाओं को दस्तियाब किया गया।

पुलिस अमित कुमार ने बताया कि जिले में गुम एवं अपहृत बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है। जिले में घटित होने वाले नाबालिग बच्चों से संबंधित अपराधों की गंभीरता को देखते हुए सभी थाना प्रभारियों एवं अनुविभागीय अधिकारियों को विशेष रूप से गुमशुदा एवं अपहृत बालक-बालिकाओं की खोजबीन कर शीघ्र दस्तयाब करने के निर्देश प्रदान किए गए है। इसी अभियान के तहत 9 माह में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 423 बच्चों को ढूंढा गया।

बच्चों को ढूंढने बनाई टीम, मिली सफलता

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के मार्गदर्शन एवं सभी थाना प्रभारियों के नेतृत्व में वर्ष के दौरान जिले में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत सायबर सेल, जेएबी शाखा एवं थाना स्तर पर विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। परिजनों के कथन, तकनीकी जानकारी एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से गुम/अपहृत बच्चों की तलाश की गई। प्रदेश ही नहीं बल्कि मध्यप्रदेश, गुजरात, राजस्थान एवं अन्य राज्यों से भी बच्चों को सुरक्षित दस्तयाब किया गया। 1 जनवरी 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक कुल 423 बालक बालिका सुरक्षित दस्तयाब किए गए। दस्तयाब किए गए बच्चों को विधिसम्मत कार्यवाही कर सुरक्षित परिजनों को सौंपा गया।

माहवार स्थिति

- जुलाई माह में 3 बालक, 26 बालिका सहित कुल 29 बच्चों को दस्तियाब किया।
- अगस्त माह में 2 बालक, 25 बालिका सहित कुल 27 बच्चों को दस्तियाब किया।
- सितंबर माह में 6 बालक, 64 बालिका सहित कुल 70 बच्चों को दस्तियाब किया।

फोन को हैक कर लॉक किया...तीन बार में खात से निकाले 87 हजार से अधिक रूपए

नवभारत न्यूज

रतलाम। शहर में एक व्यक्ति के साथ साइबर फ्राड कर हजारों की राशि खाते से निकाली गई। आरोपियों ने इसके लिए पहले फोन को हैक किया और फिर लॉक कर दिया। इससे फोन नहीं चालू हो सका और आरोपियों द्वारा तीन बार खाते से आहरण कर 87 हजार रूपए से अधिक की राशि निकाल ली।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के भगतपुरी क्षेत्र निवासी अशोक भानावत ने अपने साथ साइबर फ्राड होने की शिकायत थाने में दी हैं। फरियादी के अनुसार 5 अक्टूबर को उनका फोन अचानक से लॉक हो गया था। फोन चालू नहीं होने पर उन्हें लाक खुलवाने के लिए दुकान पर दिया था। उस फोन की सिम निकालकर जब उन्होंने दूसरे मोबाइल पर लगाई तो उन्हें खाते से राशि कटने के मैसेज आए। तीन बार में उनके खाते से 87,498 की राशि निकाली ली गई। जब वे बैंक गए तो उन्हें पता चला कि साइबर फ्राड के माध्यम से किसी ने राशि निकाल ली हैं। श्री भानावत ने शिकायत में बताया कि उनके फोन को हैंक करके साइबर फ्राड के माध्यम से राशि खाते से निकाली गई। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

दूसरे मोबाइल पर सिम लगाने पर मिले आहरण के मैसेज

थाने पर शिकायत में फरियादी अशोक ने बताया कि फोन का लॉक काम नहीं करने पर सुधारने के लिए फोन दिया था। इसके बाद फोन शुरू करने के लिए सिम को दूसरे फोन में लगाया गया। जब फोन को चालु किया तो लगातार तीन मैसेज प्राप्त हुए। इनको चैक करने पर खात से रूपए निकाले जाने की जानकारी मिली। इसके बाद बैंक जाकर तलाश की तो फ्राड होने का पता ला।

कम वजन के कीटनाशक-कृषि दवाईयों के पैकेट बेचे जा रहे

नवभारत न्यूज

रतलाम/सैलाना। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में नियमों का जमकर उल्लंघन किया जा रहा हैं। कीटनाशक व कृषि दवाईयों सहित अन्य वस्तुओं पर पैकेट कम वजन के विक्रय किया जा रहे हैं। सूचना

दल ने निरीक्षण कर 16 दुकानों पर प्रकरण दर्ज किया

पर बुधवार को एक दल ने निरीक्षण कर करीब 16 दुकानों पर प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई की।

बुधवार को जिले की तहसील सैलाना और जावरा के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित खाघ, बीज और कीटनाशक विक्रेता दुकानों का निरीक्षण किया। नापतौल निरीक्षक भारत भूषण द्वारा दुकानों पर विक्रय किए जा रहे कीटनाशक और कृषि दवाईयों के पैकेट बंद वस्तुओं का निरीक्षण किया गया। जिसमें श्रीजी ट्रेडर्स, कृषि दवाईयां विक्रेता, ग्राम-सरवन, न्यू जायसवाल कृषि सेवा

केन्द्र, ग्राम- पिपलोदा, गैहलोत कृषि सेवा केन्द्र, ग्राम- पिपलोदा, आई एफ एफ डी सी कृषि सेवा केन्द, ग्राम- पिपलोदा, श्री लक्ष्मी कृषि सेवा केन्द्र, ग्राम- सैलाना, भारत एग्रीटेक, ग्राम- सैलाना, सुभम किसान बाजार, ग्राम- सैलाना, माहेश्वरी कृषि सेवा केन्द्र, ग्राम- सलाना, जय एग्रो ऐजेन्सी, ग्राम- शिवगढ़, आनन्दीलाल लाल चंद टाँक कृषि दवाईयां विक्रेता, ग्राम- शिवगढ़, शुभम कृषि सेवा केन्द्र, ग्राम- शिवगढ़, महावीर बीज भंडार, ग्राम- सरवन, गौरव ट्रेडर्स कृषि दवाईयां विक्रेता, ग्राम- सरवन, चपडोद बीज भण्डार, ग्राम- जावरा, विजय कृषि सेवा केन्द्र, ग्राम- सरवन दुकानों पर अमानक कीटनाशक और कृषि दवाईयों के पैकेज बंद वस्तुओं विक्रय हेतु रखने के कारण विधिक माप विज्ञान अधिनियम-2009 के उल्लघंन और दण्डनीय होने से अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। उपरोक्त दुकानों से जप्ती किये कीटनाशक और कृषि दवाईयों के पैकेज बंद वस्तुओं के निर्माता, पैककर्ता और विपणनकर्ता के विरूद्ध भी कार्रवाई की गई है।

शिकायत करें

नापतौल निरीक्षक भारत भूषण ने कृषकों से आग्रह किया है कि बीज, कीटनाशक और कृषि दवाईयों के पैकेज बंद वस्तुओं को खरीदते समय निर्माता/पैककर्ता का नाम व पूर्ण पता , वस्तु का नाम वस्तु की शुद्ध मात्रा, वस्तु का एम .आर .पी. (सभी करों सहित), युनिट सेल प्राईज, उपभोक्ता शिकायत करने के लिये व्यक्ति अथवा कार्यालय का नाम, पता, टैलीफोन नंबर और ई-मेल पता के साथ-साथ एम .आर .पी. से अधिक पर विक्रय करना या एम .आर .पी. को काटकर/मिटाकर/स्टीकर लगाकर बढ़ाया गया हो तो विभाग को शिकायत कर सकते है।

पंचायत में किसान चौपाल, भावांतर योजना की जानकारी दी

नवभारत न्यूज

रतलाम। सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य से कम कीमत पर यदि किसानों की सोयाबीन की उपज बिकती है तो, किसानों को घाटे से उबारने के लिए अंतर की राशि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किसानों को दी जाएगी।

इसके लिए सरकार द्वारा भावान्तर योजना प्रारंभ की गई है। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने भावांतर भुगतान योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले के किसानों को योजना के संबंध में जानकारी देने के लिए किसान चौपाल लगाकर किसानों को पंजीयन एवं योजना के बारे में जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत कामलिया , जनपद पंचायत पिपलोदा के ग्राम पंचायत भाकरखेड़ी एवं ग्राम पंचायत पिपलिया जोधा में ग्राम सेवक, पटवारी और सरपंच, सचिव, सहायक सचिव द्वारा किसान चौपाल आयोजित कर सभी किसानों को भावांतर योजना में पंजीयन करने के लिए विस्तृत जानकारी दी गई।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत कमेड में भावांतर भुगतान योजना अंतर्गत किसान चौपाल लगाकर किसानों के अधिक से अधिक पंजीयन कराने एवं भावांतर भुगतान योजना के लाभ की जानकारी दी गई। रियावन कलस्टर भवन एवं ग्राम पंचायत रियावन विकासखंड पिपलौदा में कृषि विस्तारक अधिकारी कृषि विज्ञान केंद्र से वैज्ञानिक डॉ. सी. आर. कांटवा, डॉ. रामधन गंसवा, सरपंच आत्मा विभाग से हेमंत सिंह, सचिव एवं सहायक सचिव द्वारा किसान चौपाल का आयोजन कर भावांतर योजना की जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने भावांतर भुगतान योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले के किसानों को योजना के संबंध में जानकारी देने के लिए किसान चौपाल लगाकर किसानों को पंजीयन एवं योजना के बारे में जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए। इसके बाद जिलेभर में लगातार किसान चौपाल लगाई जा रही हैं। इन चौपालों पर भावांतर योजना सहित प्रशासन की अन्य योजनओं की जानकारी दी जा रही हैं। साथ ही किसानों के प्रश्नों और विज्ञासाओं को समाधान किया जा रहा हैं।

जब पुण्य उदय में हो तो घर की औषधि भी बनती है अमृत

रतलाम। बुधवार को श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर स्टेशन रोड पर विराजीत 108 सद्भाव सागरजी मसा एवं 105 श्री परम योग सागरजी मसा प्रेरक प्रचवन दिए। सद्भाव सागरजी मसा. ने अपने उद्बोधन में कहा कि मनोहर प्राप्त है तो कार्य भी पवित्र होता है और कारण भी पवित्र होता है। संबंधों की पवित्रता तब तक है जब तक राग की पूर्ति होती रहती है और जब राग की पूर्ति नहीं होती तो संबंधों की पवित्रता भी नहीं रहती है और जब पूर्ति होना बंद हो जाए वही संसार के बंध का कारण हो जाते हैं। संबंधों की पूर्ति होने का कारण लोभ होता है और लोभ से ही अनाचार का जन्म होता है। पुण्य का उदय नहीं है तो औषधि भी काम नहीं करती और अगर पुण्य का उदय है तो घर की औषधि भी बड़े से बड़े रोग को ठीक कर देती है। श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन श्रावक संघ, श्री विद्या सिंधु महिला मंडल श्री विमल सन्मति युवा मंच एवं सकल दिगंबर जैन समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में कथा का श्रवण कर रहे हैं। जानकारी श्रावक संघ संयोजक मांगीलाल जैन ने दी।

पुलिस ने 8 वर्ष से फरार सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तारी कर न्यायालय में पेश किया

रतलाम। थाना बाजना क्षेत्रांतर्गत वर्ष 2018 में दर्ज सामूहिक दुष्कर्म प्रकरण के फरार आरोपी को पुलिस ने 8 वर्ष बाद गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

वर्ष 2018 में थाना बाजना पर एक महिला द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि कुछ व्यक्तियों ने उसके साथ उसकी इच्छा के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म किया एवं उसे बंधक बनाकर रखा था। उक्त रिपोर्ट पर थाना बाजना में अपराध क्रमांक 194/2018 धारा 376(डी), 346, 120-बी भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण में दो आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि एक आरोपी भेरु पिता दित्या मईड़ा उम्र 30 वर्ष निवासी मनासा थाना शिवगढ़ जिला रतलाम घटना के बाद से फरार चल रहा था।

फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सैलाना नीलम बघेल के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे थे। लगातार लगभग डेढ़ माह तक किए गए प्रयासों के उपरांत दिनांक मंगलवार को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि फरार आरोपी ग्राम झोसला थाना सरवन में आया हुआ है और कहीं अन्यत्र जाने की तैयारी में है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम झोसला में दबिश दी गई, जहां से आरोपी भेरु पिता दित्या मईड़ा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मामले में पुलिस ने पूर्व में कान्तु पिता नरसिंग अमलियार व गमना का मनासा थाना शिवगढ़ तथा भेरुसिंग पिता वेस्ता मईड़ा उम्र 50 साल निवासी गमना का मनासा थाना शिवगढ़ को गिरफ्तार किया था।

कार्रवाई अ.अ.पु. सैलाना श्रीमती नीलम बघेल, निरीक्षक रणजीतसिंह मकवाना (थाना प्रभारी बाजना), उनि रामसिंह खपेड, सउनि योगेश निनामा, आर. नरवर मईड़ा, आर. प्रेम निनामा, म.आर. सपना पारगी तथा प्र.आर. शैलेन्द्रसिंह, आर. सन्नी मईड़ा (थाना बाजना) एवं आर. तुषार सिसोदिया (सायबर सेल) की टीम का योगदान सराहनीय रहा।

16 वें स्थापना दिवस पर मैत्री परिवार के 135 दम्पत्ति ने खेला ओपन गरबा व बाना डंडा

जावरा । हिंदू धर्म में शरद पूर्णिमा का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है, माना जाता है कि इस दिन चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से परिपूर्ण होता है और उसकी रौशनी अमृतवर्षा के समान होती है, शास्त्रों के अनुसार जो व्यक्ति इस दिन स्नान दान पुण्य और भक्ति भाव के ईश्वर की पूजा करता है उसे अपनी इच्छाओं की प्राप्ति होती है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है, उक्त विचार जैन सोश्यल ग्रुप जावरा मैत्री परिवार द्वारा जनता परिसर पर मैत्री के 16 वें स्थापना दिवस पर शरद पूर्णिमा गरबा डांडिया उत्सव के दौरान समाजसेवी शेखर नाहर ने व्यक्त किए। इस दौरान जैन सोश्यल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन के अंतर्राष्ट्रीय डायरेक्टर अनिल धारीवाल ने कहा की आज से 16 वर्षो पूर्व जावरा नगर में जैन सोश्यल ग्रुप जावरा मैत्री का गठन शरद पूर्णिमा पर किया गया था। निरंतर प्रतिवर्ष स्थापना दिवस पर पारिवारिक मैत्री गरबा डांडिया का आयोजन ग्रुप सदस्यों द्वारा किया जाता है, जिसमें ग्रुप परिवार का उत्साह अतुलनीय है। उक्त जानकारी देते हुए जैन सोश्यल ग्रुप जावरा मैत्री के अध्यक्ष राजेश पोखरना व पूर्व अध्यक्ष संदीप रांका ने बताया कि 16 वर्ष पूर्व 2010 में शरद पूर्णिमा के दिन जैन सोश्यल ग्रुप जावरा मैत्री परिवार की स्थापना की गई थी। 16 वर्षों से शरद पूर्णिमा पर मैत्री परिवार गरबा डांडिया का उत्सव प्रतिवर्ष मनाता हैं, इस वर्ष के आयोजन में ग्रुप के 135 दम्पत्ति उपस्थित थे। आयोजन में सर्वप्रथम ग्रुप के बच्चों के लिए फेन्सी ड्रेस,महिला वर्ग के लिए माँ दुर्गा की आराधना के साथ कपल डांडिया का आयोजन के साथ साथ दम्पत्ति साथियों के लिए ओपन गरबा व बाना डंडा का आयोजन किया। इस दौरान समस्त गरबा करने वाले साथियों को पुरुस्कार दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋषि मेहता की और से दिये गये। साथ ही मैत्री परिवार द्वारा ग्रुप के सदस्यों के लिए लक्की ड्रा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम वैभव अमिता ओस्तवाल, द्वितीय पुरुस्कार राहुल प्रिया भंडारी, तृतीय पुरुस्कार विपिन नेहा रांका को पुरस्कार भेट किए।

परेशानी रुपए के अभाव में दीवाली जैसा त्योहार भी रहेगा फीका, उच्च शिक्षा विभाग नहीं दे रहा कार्योत्तर स्वीकृति

इस दीवाली पर भी नहीं हो सकेगा सेवानिवृत 500 से अधिक प्राध्यापकों के अर्जित अवकाश का नगदीकरण

नवभारत न्यूज

जावरा। मध्यप्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों से सेवानिवृत हो चुके करीब 500 से अधिक प्राध्यापकों/सह प्राध्यापकों के अर्जित अवकाश नकदीकरण बिलों के करोड़ों रुपये का भुगतान लंबे समय से अटका रखा हैं। इसी माह में दीवाली जैसा त्यौहार हैं, बावजूद इसके अब तक प्राध्यापकों के अर्जित अवकाश के नगदीकरण को लेकर विभाग द्वारा कार्योत्तर स्वीकृति जारी नहीं की गई हैं। जिसके चलते भुगतान नहीं हो पाया हैं। जिसके चलते यह दीवाली भी सेवानिवृत प्राध्यापकों के लिए फीकी ही रहेगी।

मध्यप्रदेश सरकार में सेवारत कर्मचारी के सेवानिवृत होने के साथ ही उनके सभी स्वत्वों का भुगतान करने के सरकार के स्थायी आदेश हैं, बावजूद इसके आयुक्त उच्च शिक्षा सरकार के आदेश को दरकिनार करते हुए अपनी मनमानी करते हुए भुगतान को बीते ढाई सालों से लंबित कर रहे हैं। जबकि मध्यप्रदेश के सभी महाविद्यालयों में पदस्थ प्राचार्यो द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज भी आयुक्त उच्च शिक्षा कार्यालय को प्रेषित कर दिए गए हैं। मामले से जुड़े शासकीय कन्या महाविद्यालय रतलाम से सेवानिवृत सह.प्राध्यापक अर्थशास्त्र डॉ मदनलाल गांगले ने बताया कि अर्जित अवकाश नगदीकरण को लेकर कोई सुनवाई नहीं हो रही हैं। संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्यो द्वारा उच्च शिक्षा विभाग को नगदीकरण हेतु कार्योत्तर स्वीकृति हेतु पत्र भी प्रेषित कर दिया गया हैं । लेकिन इसके बाद भी विभागीय अधिकारियों द्वारा अब तक कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान नहीं की गई हैं। ऐसे में इन सेवानिवृत प्राध्यापको/सहप्राध्यापकों का भुगतान नहीं हो पाया हैं। डॉ गांगले ने आयुक्त उच्च शिक्षा से दीपावली पूर्व कार्योत्तर स्वीकृति के आदेश प्रसारित कर संबंधित महाविद्यालयों में प्रेषित करने की मांग की हैं। ताकि दीपावली पूर्व सभी सेवानिवृत प्राध्यापकों/सह प्राध्यापकों के अर्जित अवकाश का नगदीकरण हो सके।

कोई सुनवाई नहीं हो रही

जबकि मध्यप्रदेश के सभी महाविद्यालयों में पदस्थ प्राचार्यो द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज भी आयुक्त उच्च शिक्षा कार्यालय को प्रेषित कर दिए गए हैं। मामले से जुड़े शासकीय कन्या महाविद्यालय रतलाम से सेवानिवृत सह.प्राध्यापक अर्थशास्त्र डॉ मदनलाल गांगले ने बताया कि अर्जित अवकाश नगदीकरण को लेकर कोई सुनवाई नहीं हो रही हैं।